ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 23.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 23.03.2021 को मो0 सरायकाईयॉ एवं दलेलगंज में होली के पर्व पर छोटे लाटसाहब के जूलूस के मार्गो का पैदल रूट मार्च किया गया।

नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 23.03.2021 को मो0 सरायकाईयॉ एवं दलेलगंज में होली के पर्व पर छोटे लाटसाहब के जूलूस के मार्गो का पैदल रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गई पाइप लाइनों से क्षतिग्रस्त मार्गो को तत्काल समतल कराये जाने तथा स्थल पर पड़े ईट,पत्थर,रोड़ा एवं मलवा आदि को तत्काल हटवाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। रूट मार्च के दौरान सम्बन्धित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि छोटे लाटसाहब के जूलूस वाले मार्गो पर सफाई की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये नाली/नाले से निकली सिल्ट आदि हटवाना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जूलूस वाले रूट पर जहॉ कहीं भी इबादत स्थल स्थित हो,उनकी पूर्ण सुरक्षा हेतु तिरपाल/बेरीकेटिंग किया जाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा जूलूस वाले मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखे जाने हेतु सहायक अभियन्ता (पथ प्रकाश) को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री रामसेवक द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (सिविल) दिनेश चन्द्र सचान, अधिशासी अभियन्ता (सिविल) मोद नरायण झा एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।